web: www.nyaysakshi.com

पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल

पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 11 अगस्त 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 314

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर के बडगाम से लश्कर के तीन आतंकी सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर मध्य कश्मीर के बडगाम जिले से प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, पुलिस ने सेना (62 आरआर) के साथ मिलकर जिला बडगाम के खानसाहब इलाके में 3 आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान क्रेमशोरा निवासी क़ैसर अहमद डार, वागर निवासी ताहिर अहमद डार और वागर निवासी आकिब रशीद गनी के रूप में की गई है। उनके कब्जे से एक चीनी हथगोला, दो मैगजीन और 57 जिंदा राउंड सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने कहा, बरामद की गई सभी सामग्रियों को जांच के लिए केस रिकॉर्ड में ले लिया गया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सीतापुर : सड़क दुर्घटना में एक की मौत, आठ घायल

**सीतापुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के बिस्वान थाना अंतर्गत बिस्वान-सिधौली मार्ग पर एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में पिकअप के पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है और आठ अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने गुरूवार को बताया कि बिस्वान-सिधौली मार्ग पर टिकरा गांव के पास बुधवार देर रात एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में लागों से भरी एक पिकअप पलट गयी, जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और आठ लोग घायल हो गए तीन घायलों को जिला चिकित्सालय उपचार हेतु भेजा गया है बाकी का इलाज सीएचसी में चल रहा है। पुलिस के अनुसार पिकअप लखनऊ से बिसवन जा रही थी जब ग्राम टिकरा के पास पहुंची तो एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में पिकअप अनियंत्रित होकर प्राथमिक विद्यालय की दीवार तोड़ते हुए परिसर में घुसकर पलट गई इस दुर्घटना में राममिलन की मृत्यु हो गई और अमित ,जमशेद, हर्ष श्रीवास्तव, गौरव शुक्ला, नीतीश भार्गव, सुरेंद्र, सुनील कुमार ,अंगद आदि घायल हो गए। पुलिस ने मामले पर वैधानिक कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सेना में भर्ती न मिल पाने से निराश युवक ने खुद को मारी गोली

**बहराइच (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले के कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत आदिलपुर गांव निवास एक युवक का नाम सेना में भर्ती के लिए मेडिकल टेस्ट पास न कर पाने से निराश होकर गुरूवार सुबह खुद को गोली मार ली,जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली देहात अंतर्गत ग्राम आदिलपुर निवासी रोहित शर्मा (23) पुत्र उमेश चंद्र शर्मा ने आत्महत्या कर ली। रोहित सेना में भर्ती के लिए तैयारी कर रहा था। राहित के चाचा कुलदीप शर्मा ने बताया कि सेना में जाने के लिए वह पांच बार परीक्षा दे चुका था। इस बार उसका नाम एसएससी जीडी भर्ती में आ गया था। बीते शुक्रवार को बिजनौर में दौड़ समेत अन्य सभी मेडिकल निकाल लिया लेकिन पैर में काले दाग होने के चलते उसे लखनऊ बुलाया गया। बुधवार को युवक लखनऊ में सेना के अस्पताल में मेडिकल जांच कराने गया। लखनऊ कैंट स्थित सेना के अस्पताल में रोहित का मेडिकल हुआ लेकिन पैर में दाग होने के चलते उसे बाहर कर दिया गया। इस पर निराश होकर रोहित रात में लखनऊ से घर आया। सुबह वह मार्निंग वॉक के लिए गया फिर घर वापस आया। उसने लाइसेंसी बंदूक से खुद के सीने में गोली मारकर जान दे दी। इससे हडक्रंप मच गया। परिवार के लोग युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे। मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी के डॉक्टर रामेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि युवक की मौत गोली लगने से हुई है। उन्होंने बताया कि जब उसे लाया गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टर की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक की मौत गोली लगने से हुई है।

# मत्स्य बीज उत्पादन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ बना देश का पांचवा बड़ा राज्य

**मत्स्य पालको को हो रहा उत्तम किस्म के मत्स्य बीज की आपूर्ति**



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा मछली पालन को कृषि का दर्जा प्रदान किये जाने से मत्स्य कृषकों को बिजली दर में छूट एवं निःशुल्क पानी और बिना ब्याज ऋण प्राप्त मिलने से उत्पादन लागत में बहुत कमी आई है। मत्स्य कृषकों की आमदनी में वृद्धि हो रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ मछली बीज उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यो में शामिल है। अब यहॉ मछली अनुसंधान के क्षेत्र में निजी क्षेत्र की इकाईया भी आगे आ रही है और छत्तीसगढ़ राज्य को मत्स्य पालन के क्षेत्र में बेस्ट इनलैंड स्टेट का पुरस्कार भी मिल चुका है।

छत्तीसगढ़ राज्य में मत्स्य पालन निरंतर विकास एवं प्रगति की ओर बढ़ रहा है।राज्य में संचालित कल्याणकारी योजनाओं के तहत मत्स्य बीज उत्पादन कार्य से लेकर मत्स्य उत्पादन, मत्स्य विपणन का कार्य किया जा रहा है। राज्य मत्स्य बीज आपूर्ति के क्षेत्र में आत्म-निर्भर एवं भारत के अंतर्देशीय मत्स्य बीज उत्पादन के क्षेत्र में छठवें स्थान से पांचवा बड़ा राज्य बन गया है। विगत पौने पांच वर्षों में राज्य का मत्स्य बीज उत्पादन 251 करोड़ से बढ़कर 344 करोड़ स्टेंडर्ड फ्राई हो गया है। मत्स्य बीज उत्पादन में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मत्स्य बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने हेतु मौसमी तालाबो में मत्स्य बीज संवर्धन कार्यक्रम के तहत मत्स्य पालको द्वारा मत्स्य बीज संवर्धन किया जा रहा है।इस योजना से 5 हज़ार से अधिक मत्स्य पालक लाभ उठा चुके है।इसी तरह वर्ष 23-24 में भी 500 मत्स्य पालको द्वारा मत्स्य बीज संवर्धन किया जा रहा है।विगत पौने पांच वर्षों में 23 नए सर्कुलर मत्स्य बीज हेचरी की स्थापना की गई है।वर्तमान में कुल 92 मत्स्य सर्कुलर हेचरी मत्स्य बीज उत्पादन हेतु उपलब्ध है।ज्ञात हो कि राज्य और देश के अन्य राज्यो पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, तेलंगाना,केरला और गोवा के मत्स्य पालको के मांग के अनुरूप उत्तम गुणवत्ता वाले मत्स्य बीज आपूर्ति की जा रही है।

## बस्तर जिले के गीदम रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में एक की मौत, 20 घायल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के गीदम रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, 20 व्यक्ति घायल हो गए हैं। घायलों को जगदलपुर के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस दुर्घटना पर दुःख जताया है। उन्होंने मृतक के परिजनों को 4 लाख और घायलों को 25-25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को घटना में घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं।

इधर, कोंडागांव जिले के बनियागांव में चारपहिया वाहन की चपेट में आने से दोपहिया सवार 1 महिला सहित 2 लोगों की मौत हो गई। उधर, दुर्ग जिले के भिलाई नगर स्थित प्रिय दर्शनी परिसर अंडरब्रिज के पास ट्रेन की चपेट में आने से 1 युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि पटरी पार करते समय युवक ने इयरफोन लगाया हुआ था।

वहीं, सक्ती जिले में चंद्रपुर पुल के ऊपर 1 मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई।

## चार्जिंग के दौरान बैटरी स्कूटर में विस्फोट, घर पूरी तरह जलकर हुआ खाक

**लखनऊ (आरएनएस)।** लखनऊ के चौक इलाके में एक घर के अंदर चार्ज होते समय एक बैटरी स्कूटर में विस्फोट हो गया, इससे एक घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग में स्कूटी के साथ लाखों का सामान भी जलकर खाक हो गया। चौक फायर स्टेशन अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार यादव ने कहा, यह घटना ठाकुरगंज पुलिस स्टेशन के अंतर्गत जल निगम रोड निवासी मोहम्मद नसीम के घर में हुई।

उन्होंने कहा, जैसे ही हमें सूचना मिली, दो दमकल गाडियों को भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया। मोहम्मद नसीम ने बताया कि जिस स्कूटर में विस्फोट हुआ, वह चाइनीज था और उन्होंने इसे डेढ़ साल पहले 65 हजार रुपये में खरीदा था।

उन्होंने कहा, मुझे यकीन नहीं है कि कोई विस्फोट हुआ या यह जल गया, हालांकि हमने एक बड़ी आवाज़ सुनी। मैंने अपने घर के ग्राउंड फ्लोर पर स्कूटी को चार्ज पर लगा दिया, लेकिन कुछ घंटों बाद जब मैं सीढ़ियों से नीचे आया, तो मैंने धुआं और आग देखी। मैंने तुरंत पड़ोसियों से मदद ली और अग्निशमन विभाग को सूचित किया।

उन्होंने कहा, मैंने हमेशा बैटरी स्कूटर का उपयोग किया है। मुझे बैटरी स्कूटर पर स्विच किए हुए 15 साल हो गए हैं। पहले स्कूटर भारतीय ब्रांड के होते थे। लेकिन इस बार मैंने यह चीनी स्कूटी खरीदी, जिसकी बैटरी वारंटी केवल एक वर्ष थी। उनके मुताबिक, स्कूटी का चार्जर ज्यादा गर्म होने से आग लग सकती है। इन बैटरी स्कूटरों की चार्जिंग केबल अक्सर ज़्यादा गरम हो जाती है। इस बार भी वैसा ही हुआ होगा।

## बेटे ने अपने पिता को दिया जीवनदान, अपने लीवर का एक हिस्सा किया डोनेट

**लखनऊ** | आरएनएस



एक बेटे ने अपने पिता को जीवनदान देते हुए उन्हें अपने लीवर का एक हिस्सा दान में दिया। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। इस लीवर ट्रांसप्लांट का पूरा खर्च सरकार ने उठाया। 13 जुलाई को डॉक्टरों ने लीवर ट्रांसप्लांट का सफल ऑपरेशन किया। मरीज को ऑपरेशन के बाद बुधवार को छुट्टी दे दी गई।

ऑपरेशन के लिए परिवार को सरकार से भी पूरा समर्थन मिला। इस प्रत्यारोपण से जुड़े खर्चों को मुख्यमंत्री राहत कोष से जारी किया गया था। डॉक्टरों के अनुसार इंदिरा नगर निवासी एक दुकानदार रवि केशरवानी (47) लीवर सिरोसिस से पीड़ित थे। बेटे सुकेश केशरवानी ने अपने लीवर का एक हिस्सा पिता को देकर उनका जीवन बचाया।

यह ट्रांसप्लांट प्रक्रिया 10 घंटे तक चली। इसमें डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ सहित 40 से अधिक सदस्यों की एक टीम ने काम किया। सर्जरी करने वाले केजीएमयू में सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अभिजीत चंद्रा ने कहा कि भारत में हर साल लगभग 2,000 लीवर प्रत्यारोपण किए जाते हैं, यह ज्यादातर निजी अस्पतालों में किए जाते है, जिनमें 30 से 40 लाख रुपये तक का खर्चा आता है।

हालांकि, राज्य सरकार का संस्थान होने के कारण केजीएमयू ने इसे घटाकर 10 लाख रुपये कर दिया है। केजीएमयू राज्य में लीवर प्रत्यारोपण और अंग दान में सबसे आगे है। यह सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा है। अंग दान के लिए राज्य का पहला ग्रीन कॉरिडोर तब बनाया गया जब 28 अगस्त 2015 को एक लीवर ट्रांसप्लांट के लिए दिल्ली ले जाया गया। दिल्ली में 22 लीवर ट्रांसप्लांट किए जा चुके हैं। इसके अलावा, एसजीपीजीआईएमएस और केजीएमयू ने 48 किडनी और 50 से अधिक कॉर्निया का ट्रांसप्लांट किया है। केजीएमयू में पहला लीवर प्रत्यारोपण 2019 में किया गया था। तब से कुल 25 लीवर प्रत्यारोपण किए गए हैं।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजीएमयू के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के कर्मचारियों को 25वें सफल लीवर ट्रांसप्लांट पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह जानकर बेहद खुशी हुई कि सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने 13 जुलाई 2023 को 25वां लीवर ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया, जो लीवर ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व मील का पत्थर है। उन्होंने केजीएमयू की सराहना करते हुए स्वीकार किया कि विश्वविद्यालय चिकित्सा जगत में विशेष स्थान रखता है।

## 22 करोड़ की धोखाधड़ी : दिल्ली पुलिस ने पति-पत्नी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) से रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया है, जो पिछले चार साल से फरार था। एक अधिकारी ने बताया कि जाली संपत्ति के कागजात के आधार पर 22 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई।अधिकारियों ने कहा कि पति और पत्नीत - जिनकी पहचान विकास शांडिल्य उर्फ विकास शर्मा और एम. शर्मा के रूप में हुई है, को उत्तरी गोवा के विभिन्न कोनों में 10 दिनों से अधिक के लगातार प्रयासों के बाद उनके आवास से गिरफ्तार किया गया।यह दंपति गोवा में एक रेस्टो रेंट चला रहा था।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हाल ही में एक वेब सीरीज कोहरा से प्रेरित होकर पुलिस टीम ने पति-पत्नीक द्वारा गोवा में छुपे रहने के दौरान गुप्त रूप से चलाए जा रहे खाद्य वितरण व्यवसाय की पहचान करने के लिए स्थानीय भोजनालयों से ऑनलाइन भोजन का ऑर्डर दिया।यह गिरफ्तारी एक प्रतिष्ठित एनबीएफसी की शिकायत पर मामला दर्ज होने के बाद हुई है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि डीएसए अमृत मान सहित सेल्स मैनेजर नीलांजन मजूमदार और रिपोर्टिंग मैनेजर नितेश कुमार शिकायतकर्ता-कंपनी से संपत्ति पर ऋण (एलएपी) के लिए आवेदकों के प्रस्ताव प्राप्त करना चाहते थे। ।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, मान, जो पहले एक बिक्री एजेंसी का प्रबंधन करता था, ने संपत्ति-आधारित ऋण चाहने वाले व्यवसायों से सौदे सुरक्षित करने के लिए शिकायतकर्ता कंपनी के बिक्री प्रबंधक मजूमदार के साथ सहयोग किया।अधिकारी ने कहा, आरोपियों में से एक एम शर्मा, जो मेसर्स सेवा अपैरल्स नामक कंपनी से जुड़ा है, ने 5 करोड़ रुपये के संपत्ति ऋण के लिए आवेदन किया था। 31 अगस्त, 2017 को 4.11 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। इस मामले में एम/एस सेवा अपैरल्स ने उधारकर्ता के रूप में काम किया, जबकि गौरव शर्मा, विकास की मां और पत्नील ने सह-उधारकर्ता के रूप में काम किया। ऋण दिल्ली के रूप नगर में एक संपत्ति का उपयोग करके प्राप्त किया गया था। इसके बाद ऋण चुकौती में लगातार चूक हुई। जांच करने पर पता चला कि विकास की मां द्वारा शिकायतकर्ता कंपनी को सौंपे गए संपत्ति के दस्तावेज फर्जी थे।इसके अलावा, उसने संपत्ति किसी अन्य खरीदार को भी बेच दी थी।मैसर्स सेवा अपैरल्स के खातों की आगे की जांच से पता चला कि ऋण प्राप्त करने के बाद, कंपनी अमृत मान, अंबिका मान और नीलांजन मजूमदार के साथ तीन अन्य फर्मों के साथ लेनदेन में लगी हुई थी। इन व्यक्तियों की पहचान सह-साजिशकर्ता के रूप में की गई थी। धोखाधड़ी, संयुक्त पुलिस आयुक्त (ईओडब्ल्यू) सिंधु पिल्लई ने कहा।पुलिस के मुताबिक, विकास ने अपनी मां और पत्नीत के नाम से एक पार्टनरशिप फर्म मैसर्स सेवा अपैरल्स की स्थापना की।उन्होंने एक एनबीएफसी से 4.11 करोड़ रुपये का ऋण हासिल करने के लिए रूप नगर संपत्ति से संबंधित फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया, जिसका बाद में दुरुपयोग किया गया।ऋण आवेदन प्रक्रिया के दौरान विकास ने शिकायतकर्ता कंपनी को एक हलफनामा दिया था, जिसमें ऋण प्राप्त करने के लिए अपनी मां और कथित भाई गौरव के लिए अपनी सहमति का संकेत दिया था।हालांकि, जांच से पता चला कि गौरव वास्तव में उसका भाई नहीं था।पुलिस अधिकारी ने कहा, विकास और उसकी पत्नी विभिन्न पहचानों के साथ अलग-अलग शहरों में घूमकर अधिकारियों से बच रहे थे। आखिरकार, उनका स्थान गोवा में पाया गया। उत्तरी गोवा में छापेमारी के बाद उनकी गिरफ्तारी हुई।

## एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किए भगवान महाकाल के दर्शन

**उज्जैन (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में श्रावण माह में देश और विदेश से एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन कर चुके है। मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण माह के प्रारंभ हुए 04 जुलाई से 07 अगस्त तक 1 करोड़ 5 लाख 20 हज़ार भक्तो ने भगवान महाकाल के दर्शन किये।

देश का एकमात्र ऐसा शिवालय है जहां प्रतिदिन भस्म आरती होती है और यह मंदिर दक्षिणमुखी होने के कारण तांत्रिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। अधिक मास होने से चलित भस्म आरती की विशेष व्यवस्था की गई है। चलित भस्मारती को 08 लाख 89 हज़ार 226 भक्तों ने दर्शन किये।

उन्होंने बताया कि श्रावण माह में भगवान महाकाल की भस्मारती हेतु मंदिर के पट 04 जुलाई से 11 सितंबर तक प्रत्येक सोमवार प्रात: 2.30 बजे और अन्य दिनों 3 बजे खुलेंगे।

12 सितम्बर से पुन: प्रात: 04 बजे खुलेगे। मंदिर प्रबंध समिति की वेबसाईट पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओ के लिए ऑनलाइन 400 सीटे उपलब्ध है। फॉर्म में चाही गई जानकारी भरकर रूपये 200 प्रति व्यक्ति का शुल्क ऑनलाइन जमाकर अनुमति प्राप्त कर सकते है। निशुल्क भस्मार्ती काउंटर प्रात: 07 बजे खुलता है जहा श्रद्धालु स्वयं उपस्थित होकर अपनी मूल आई.डी. दिखाकर फॉर्म प्राप्त कर सकते है।

## ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राजस्थान सरकार के अधिकारी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम मामले में कई राज्यों में छापेमारी के बाद राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक वेद प्रकाश यादव को गिरफ्तार किया है।

सूत्रों के मुताबिक, यादव को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया।

ईडी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के आज़मगढ़ और राजस्थान के जयपुर में छापेमारी की। तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद और जब्त किए गए।

गुरुवार को ईडी दस्तावेजों के बारे में यादव से पूछताछ कर सकती है। ईडी द्वारा जुटाए गए सबूतों से उनका आमना-सामना कराया जाएगा।

ईडी उसे राजस्थान की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश करेगी। सूत्रों ने कहा कि वे उसकी हिरासत की मांग करेंगे।

सूत्रों ने कहा, हम 2 करोड़ 31 लाख रुपये की नकदी के संभावित लिंक की जांच कर रहे हैं, जो जयपुर स्थित योजना भवन के तहखाने से बरामद की गई थी।

मई में 2.31 करोड़ रुपये नकद और एक किलो सोना बरामद हुआ था। इसके बाद जयपुर पुलिस ने यादव को आरोपी बनाया था। इसके बाद अशोक नगर थाना प्रभारी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद यादव को हिरासत में ले लिया गया और एसीबी को सौंप दिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यादव पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। फिलहाल ईडी ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

## टमाटर की आपूर्ति बढ़ने के साथ ही घटने लगा दाम

**अन्य सब्जियों के दाम अभी भी 50 से 100 रूपए के बीच**



**रायपुर (आरएनएस)।** बाजार में आवक बढऩे के साथ ही अब टमाटर के दाम घटने लगा है। 200 रूपए प्रतिकिलो तक पहुंचा टमाटर मार्केट में अब 100 रूपए प्रतिकिलो तक पहुंच गया है। आगामी दिनों में आवक बढऩे के साथ ही इसके दाम में और कमी आने की संभावना बनी हुई है।

रायपुर में थोक बाजारों में टमाटर के कीमत थो में 70 रूपए और 80 रूपए प्रतिकिलो तक पहुंच गया है। वहीं चिल्हरह बाजार में इसकी कीमत 100 से 120 रूपए प्रतिकिलो तक है। टमाटर के बढ़ते दामों में बीच अब जाकर राजधानीवासियों को थोड़ी राहत मिली है। छत्तीसगढ़ में कुल उत्पादन के बाद भी अन्य राज्यों से टमाटर की आपूर्ति हो रही थी। इसके चलते मांग और आपूर्ति में सामंजस्य बना हुआ था, लेकिन अन्य राज्यों में भी टमाटर की पैदावार घटने के बाद से ही टमाटर की कीमत आसमान छूने लगा था। यहां अन्य सब्जियों के दाम भी 50 से 100 रूपए के बीच बना हुआ है।

ज्ञात हो कि पिछले माह से शुरू हुई झमाझट बारिश के चलते अन्य राज्यों में भी टमाटर सहित अन्य सब्जियों के दाम आसमान छूने लगा था। मांग की अपेक्षा पैदावार कम होने तथा आपूर्ति घटने के कारण टमाटर की कीमत में अचानक उछाल आ गया था। कई राज्यों में बारिश की वजह से टमाटर की खेती में काफी नुकसान हुआ जिसके चले टमाटर की कीमत बढ़ गई थी। प्रदेश की सब्जी मंडियों में इन दिनों स्थानीय के साथ ही अन्य राज्यों से सब्जियों की आवक हो रही है, इसके चलते यहां टमाटर 100 से 120 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है तो वहीं शिमला मिर्च, हरी मिर्च, धनिया, अदरक भी अब लोगों को रूलाने लगा है।